**ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ**
**6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-560003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**6th Cross, Malleshwaram, Bengaluru – 560003**

**2025-26 ನೇ ಸಾಲಿನ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ**
**S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER- 2025-26**

**ವಿಷಯ: ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ- ಹಿಂದಿ**
**Subject: First Language- HINDI**

**ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: 06H**
**ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು: 100** | **Subject Code : 06H**

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएं:

1. **इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।**
2. **सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।**
3. **प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।**
4. **प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है , जिसमें प्रश्न पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्णरूप से लिखिए : 6x1=6**

1. ' अनेक ' शब्द का एकवचन रूप है —

(A) अनेकता (B) एकता (C) एक (D) बहुत

**2.** ' पंडित ' शब्द का अन्य लिंग रूप है —

A) दंडित (B) पीड़ित (C) पंडिताइन (D) पांडित्य

**3.** ' उन्नति ' का विलोम रूप है —

A) अवनति (B) प्रगति (C) उत्थान (D) सुमति

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है —

A) पिलाना (B) चलना (C) लिखवाना (D) करना।

5. निम्नलिखित में से ' कपड़ा ' शब्द का पर्यायवाची शब्द है —

A) वसुधा (B) अस्त्र (C) मुखड़ा (D) वस्त्र

6. निम्नलिखित में से ' कान खड़े होना ' मुहावरे का अर्थ है —

A) चौकन्ना होना (B) भाग जाना (C) तैयार रहना (D) सहायता करना

**II. प्रथम दो शब्दों मेॅ सूचित शब्दों के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए । 4X1=4**

7. महेश : गुण संधि : : परीक्षा : ______।

8. सुविधानुसार : तत्पुरुष समास :: पूजा–पाठ :________।

9. बच्चा आएगा : भविष्यत् काल : : बच्चा आया है : ________।

10 . जो चिकित्सा देता है : चिकित्सक : : वेतन के बिना : : ____।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 7x1=7**

11. गांधीजी ने अपनी माता से क्या प्रतिज्ञा की ?

12. राष्ट्रपति ने विदेशी विद्वान को क्यों बुलाया ?

13. लाला झाऊलाल का जी क्यों सनसनाया ?

14 . चैता लोकगीत कहाँ गाये जाते हैं ?

15. मजहब क्या नहीं सिखाता ?

16. अनदेखे अरूप ने प्यार को कैसे वापस लौटाने की बात कही ?

17. परिश्रम करनेवाले क्या-क्या कर सकते हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए: 10x2=20**

18. कीव शहर के बारे में लेखक ने क्या कहा है ?

19. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीजी की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

20. व्यंग्य बाण से एच . जी . वेल्स ने अभिनेत्री को करारा जवाब कैसे दिया ? स्पष्ट कीजिए ।

21. लोकगीत किन अवसरों पर और कैसे गाये जाते हैं ?

22. सपने में अनदेखे अरूप ने कवि से क्या मांगा ?

23. कवि इकबाल भारत का बखान कैसे करते हैं ?

24. स्काउट और गाइड संगठनों का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

25. संत कवि रैदास अपनी आजीविका कैसे चलाते थे ?

26. 'जो देखकर भी नहीं देखते ' पाठ का मुख्य उद्देश्य बताइए ।

27. नेपोलियन ने अपने हाथ पर रेखा क्यों खिंची ।

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए। 2x3=6**

28. हजारी प्रसाद द्विवेदी ।
29. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

**VI. छंद पहचानकर लक्षण बताइए । 3**

30. हरि अनंत हरि कथा अनंता ।
    कहहिं सुनहिं बहु विधि सब संता ।।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए । 3**

31. तरनी तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 4x3=12**

32. ' मैं उसी के पास इस बदनसीब बच्चे को ले जा रही हूँ। '
33. ' लेकिन मुझे इसी जिन्दगी में चाहिए| '
34. ' उसे देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है। '
35. ' आओ हिय में भरे उमंगे, आओ नव निर्माण करें । '

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार- पाँच वाक्यों में लिखिए: 3×3=9**

36. ' रुपया बोलता है ' शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए।
37. देश की राजनैतिक गतिविधियों में मन्नुजी का योगदान स्पष्ट कीजिए ।
38. बिहारी भक्तों की आलोचना कैसे करते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए । 4**

39. पैदा कर________________________

________________________________

________________________________

____________________स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख ________________________

_____________________________________

_____________________________________

________________________ को गले लगाना ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

40. भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब - कुएं हैं,
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं ,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु ,
मेरा आत्म - सखा तू ही है।

अथवा

अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिंगारी निकालना है।
ज्ञानियों का संग करना ,
मानो दही मथंकर माखन पाना है
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरि ज्योति को पाना है।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ - दस वाक्यों में लिखिए।** **2×4=8**

41. पुरुषोत्तम की राय में सच्चे धर्म का स्वरूप कैसे होता है ? स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

पुरुषोत्तम के समक्ष कैसी विडंबना उत्पन्न हुई ?

42. आलूर वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ? बताइए ।

अथवा

कर्नाटक एकीकरण में आलूर वेंकटराव जी का योगदान स्पष्ट कीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2×2=4**

43. पर्यावरण संतुलित रहे, तो हमारा जीवन स्वस्थ और खुशहाल रह सकता है । यह हमें शुद्ध हवा, पानी , भोजन और रहने की जगह प्रदान करता है। पर्यावरण में पेड़ , पौधे , नदियाँ , पहाड़ , जीव जंतु , मिट्टी और आकाश शामिल हैं। ये सभी एक-दूसरे से जुड़े हैं और मिलकर हमारी पृथ्वी को रहने योग्य बनाते हैं । इसीलिए हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है । लेकिन आज पर्यावरण का बहुत नुकसान हो रहा है। पेड़ों की कटाई, कारखानों का धुआं , गाड़ियों का प्रदूषण , प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग , नदियों में गंदगी का प्रवाह , जंगल की कटाई, इन सब कारणों से पर्यावरण आज दूषित हो रहा है ।

**प्रश्न:**

a). पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है । कैसे ?

b) आज पर्यावरण के दूषित होने का कारण बताइए।

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. चरित्र प्रमाण पत्र की विनती करते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पन्द्रह बीस वाक्यों में निबंध लिख ।** **1×5=5**

45. i) पर्यावरण प्रदूषण - एक ज्वलंत समस्या

ii) सूचना का सशक्त माध्यम – दूरदर्शन

***************